FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी
संकल्प हमारा

## सराहनीय कार्य थाना नसीरपुर दिनाँक 11-08-2025 जनपद फिरोजाबाद।

## थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर चोरों को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार। पुलिस मुठभेड में अभियुक्त सुमित के पैर मे गोली लगने से हुआ घायल।

- **अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 04 अदद जिन्दा कारतूस, 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, एवं 6000 रूपये बरामद।**

दिनांक 26-07-2025 की रात्रि में बटेश्वर-शिकोहाबाद रोड पर ग्राम छटनपुर के पास पूजनीय स्थल पीपल के पेड से 02 पीतल के घंटे जिनका बजन क्रमश 21 किलो व 31 किलो था जो चोरी हो गये थे। जिसके सम्बंध में थाना नसीरपुर पर मु0अ0सं0-140/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 11-08-25 को सूचना मिली कि नसीरपुर से सिरसागंज रोड पर कुछ बदमाश चोरी करने के उद्देश्य से आ रहे है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक नसीरपुर व उनकी टीम द्वारा फतेहपुर करखा अण्डर पास के निकट चैंकिग की जा रही थी तभी 03 संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये पुलिस टीम द्वारा उन्हें चैकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को अपनी ओर आते देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी के ऊपर बदमाशों ने फायर कर दिया। जिससे पुलिस पार्टी बाल-बाल बची। जवाबी कार्यवाही में पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिगं की गयी जिसमें अभियुक्त सुमित के पैर में गोली लगने से घायल हो गया , अभियुक्त सुमित घायल अवस्था में व अन्य 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया गया जिनकी पहचान सुरजीत पुत्र प्रेमपाल व आकाश पुत्र सर्वेश के रुप में हुई। अभियुक्तों के कब्जे से 02 तमंचा 04 जिंदा कारतूस व 03 खोखा कारतूस बरामद हुये है। तीनों से चोरी किये घंटे बेकने से प्राप्त 6000 रुपये भी बरामद हुये हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों द्वारा पूर्व में भी घटना कारित की गयी है और इनका पूर्व आपराधिक इतिहास है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण-**

1-सुमित पुत्र बेचेलाल निवासी कस्बा व थाना ओछा जनपद मैनपुरी।
2.सुरजीत पुत्र प्रेमपाल निवासी कस्बा व थाना ओछा जनपद मैनपुरी।
3-आकाश पुत्र सर्वेश निवासी कस्बा व थाना ओछा जनपद मैनपुरी।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सुमित –**

1.मु0अ0सं0-31/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कुरावली मैनपुरी।
2.मु0अ0सं0-15/25 धारा 305(a)/317(2) बी0एन0एस0 थाना बिछवा मैनपुरी।
3.मु0अ0सं0-25/25 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना बिछवा मैनपुरी।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सुरजीत –**

1.मु0अ0सं0-109/22 धारा 411/413/414/420 भादवि0 थाना ओंछा जिला मैनपुरी।

2.मु0अ0सं0-15/25 धारा 305(a)/317(2) बी0एन0एस0 थाना बिछवा मैनपुरी।

3.मु0अ0सं0-25/25 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना बिछवा मैनपुरी।

4.मु0अ0सं0-31/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कुरावली मैनपुरी।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।
4. 6000/- रूपये ( चोरी किये हुए घंटे बेचकर प्राप्त )

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेद्र सोलंकी थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 योगेश कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 जितेन्द्र गौतम थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
4. है0का0 439 जयनारायण थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
5. का0 247 सोनू कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 361 अरुण कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 1159 तौहीद खान थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।